हनुमान पियारा बूंटी तो लाइयो जा

हनुमान पियारा बूंटी तो ल्यिओ जा , बजरंगी बीरा बूंटी तो लाईओ जा

समय समय पर राम की धरी तुम्ही ने धीर , आज अचानक आ पड़ी फिर वो भारी भीड़।
संकट के साथी दीजो ये पीर मिटा ....हनुमान पियारा बूंटी तो....

गोद सुमित्रा मातु की भरी रहे कपि नाथ , हैं सुहाग ये उर्मिल का आज तिहारे हाथ ।
ओ जीवन दाता संजीवन तो लाया .... हनुमान पियारा बूंटी तो ....

लखन लाल की देह में व्यापा विष भरपूर , भरत भ्रात हैं अवध में अवध पूरी अति दूर ।
ऐसे में भैया तुम ही करोगे सहाय .... हनुमान पियारा बूंटी तो ....

सारे तूने राम के अब तक सारे काज , रिनिया तेरा में सदा सकल कुटुम के साथ ।
" मोहन " के स्वामी करजा दे और चढ़ा ......हनुमान पियारा बूंटी तो......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1841/title/hanuman-piyara-boonti-to-layio-ja-bajrangi-bira-buti-to-laiyo-ja

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |